# Ward Sabha (Niwasi Sabha) strengthening program

Impact Report – Initial Phase 2010-14


PARTICIPATION & OWNERSHIP in decision making at grassroot level

ensuring QUALITY in services & goods, MAINTAINED assets, SUSTAINABLE & CLEAN environment

# Pictures of Ward Sabha




# Growth of Ward Sabha intervention program



# Core Module of Ward Sabha strengthening program

- Ward Sabha meets regularly with a pre listed agenda
- Agenda preferably coming from all the households and individuals or beneficiaries
- decisions are recorded with who will do what and when
- decisions are followed till activity is completed;
- Meeting date and time is fixed
- No input or facilitation by resource team in decision making process or its execution

# MIS report of Ward Sabha module testing Jan-Apr 2012




- Module testing is done in 2 Panchayats in the last 5 months in Ghangh and Sanda Panchayats with total 26 wards. No. of ward sabha meetings varies from 2 to 4 per ward during this period.
- In one Panchayat there is stability in attendance in Ward Sabha and in other Panchayat attendance is reduced a little bit.
- Attendance is dependent on factors like response from services, local leadership, facilitator's activity, agriculture engagement, local needs, etc.

# MIS report upto March 2014

| | |
|---|---|
| No. of Wards | 88 |
| No. of Gram Panchayats | 22 |
| No. of Ward Sabba | 331 |
| Maximum participants in a Ward Sabha | 71 |
| Avg. number of participants in a Ward Sabha | 28.4 |
| Avg. number of female participants | 12.8 |
| Total agenda taken in ward sabha sabha | 978 |
| Total decisions taken in ward sabha | 329 |
| No. of Volunteers | 24 |
| College going students | 19 |
| Donation Rs. | 3000 |
| No. of Donors | 14 |
| No. of internships | 1 |

# Direct benefits वार्ड सभा से लाभ

ग्राम पंचायत राज, सण्डा, प्रखण्ड- इस्लामपुर, जिला- नालन्दा

- वार्ड नं0 3 में राजीव कुमार, पिता मधेश, रिता देवी, शशि कुमार वार्ड सभा में 12.03.2012 को आंगनबाड़ी केन्द्र सं0- 13 के प्रति शिकायत किया कि आंगनबाड़ी सेविका दुलारी देवी न ही समय पर केन्द्र को खोलती हैं और न ही पोषाहार वितरण करती हैं। वार्ड सभा ने निर्णय लिया कि वार्ड सदस्य जाकर दुलारी देवी से बात करें। अब आंगनबाड़ी केन्द्र 13 सेविका (दुलारी देवी) नियमित समय से केन्द्र पर आते हैं, एवं पोषाहार भी अच्छा से वितरण करते हैं।
- 15.02.2012 के वार्ड सभा में उर्मिला देवी के द्‍वारा यह शिकायत किया गया कि ए.एन.एम ने प्रसव कराने के लिए हमसे 150 रू0 लिया। वार्ड सभा ने यह निर्णय लिया कि वार्ड सदस्य और उर्मिला देवी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र इसलामपुर के प्रभारी से कल जाकर शिकाय करेंगें और ए.एन.एम का क्लाश प्रभारी के द्‍वारा लिया गया एवं दुबारा शिकायत आने पर नौकरी से बाहर होने का चेतावनी भी दिया गया।

- 24.03.2012 को वार्ड नं0 12 की वार्ड सभा में से मुकेश ने शिकायत किए कि डिलर नाथून चौधरी कम मात्रा में तेल दे रहे हैं। वार्ड सभा ने मुकेश कुमार को आदेश दिया कि एस.डी.ओ. को फोन करो। मुकेश कुमार के द्वारा एस.डी.ओ को फोन किया गया उधर से कोई जवाब नहीं मिलने के कारण वार्ड सभा ने मुकेश कुमार को डी.एम. साहब को फोन करने के लिए कहा। डी.एम साहब के आदशानुसार डिलर नथुनी चौघरी ने सभी ग्रामीणों को 250 लिटर तेल फिर से पुरे गांव को वितरण किया।
- 25.03.2012 वार्ड सभा में विकाश कुमार 7वां वर्ग के पिता के द्वारा शिकायत हुआ कि मेरे बेटे को अक्षर का भी पहचान नहीं है। वार्ड सभा ने निर्णय लिया कि बच्चे को सभा में बुलाकर जांच किया जाएं। बच्चे का जाँच हुआ वास्तव में बच्चा अक्षर नहीं पहचान सका। वार्ड सभा ने निर्णय यह लिया कि रामश्रय रविदास जी जो बेरोजगार हैं विद्यालय समय के बाद अतिरिक्त शिक्षा दे रहे हैं, बच्चा उनके पास पढ़ने जाऐगा। बच्चे में काफी सुधार है।
- 5.04.2012 6 नं0 वार्ड की वार्ड सभा में राजकिशोर शर्मा ने यह मुद्दा उठाया कि हमारे वार्ड में अवैध शराब का कारोबार हो रहा है लोग पिकर गालियां भी देते हैं। वार्ड सभा ने निर्णय लिया कि अगर वार्ड में शराब बिकेगी तो बेचने और पीने वाले के मुंह पर कालिख पोत कर गांव में घुमाऐगें। अब शराब बेचना बिलकुल बंद है और न ही कोई शराब पिकर गालियां बकता है।

- वार्ड नं0 3 में 12.04.2012 को वार्ड सभा हुआ, वार्ड सदस्य के द्वारा ऐजेण्डा उठा कि राजकीय बुनियादी विद्यालय सण्डा में घंटी नहीं लगती है। जिसके कारण बच्चों को पता नहीं रहता है कि अगली घंटी में किस विषय की पढ़ाई होगी। इसके लिए वार्ड सभा के सभी लोगों ने निर्णय लिया कि चलकर शिक्षक प्रभारी अखिलेश प्रसाद से बात किया जाए, शिक्षक ने बताएं कि शिक्षक का आभाव है इसलिए घंटी नहीं लगती है। फिर भी कल 13.04.2012 से घंटी निरंतर लगेगा। अब राजकीय बुनियादी विद्यालय सण्डा में रोज दिन घंटी लगती है।
- वार्ड नं0 1 में 5.02.2012 को वार्ड सभा में अरूण पासवान का कहना था कि मेरा लड़का विट्टू कुमार वर्ग 2 में पढ़ता है लेकिन अपना नाम भी नहीं लिख पाता हैं। इसके बाद वार्ड सभा ने निर्णय लिया कि वार्ड के सभी लोग अपने बच्चों के साथ कम से कम 1-1 घंटा बैठेगें। अब विट्टू कुमार अंक पहचानने लगा है। अपना नाम भी लिख लेता है। अब अरूण पासवान नियमित बच्चे के साथ समय देते हैं।
- ग्राम मोबारक पुर के विद्यालय परिसर में नवल पासवान भैंस बांधते हैं। वार्ड सभा में सियाशरण राउत ने शिकायत किया। नवल जी को वार्ड सभा के द्वारा समझाया गया। अब नवल जी विद्यालय में भैंस नहीं बांधते हैं।

- वार्ड नं0 6 में 12.05.2012 को वार्ड सभा ने तय किया कि चापाकल चन्देश्वर पासवान के घर के उत्तर एवं पूरब गड़ाया जाय, प्रसादी गुरू जी का कहना था कि इसके पहले वाले मुखिया मन-मरजी से चापाकल का स्थान चयन करते थे। पहली बार वार्ड सभा के द्वारा स्थान चयन किया गया है।
- राजकीय बुनियादी विद्यालय में पढ़ने वाली छात्रा नेहा कुमारी 7 वां वर्ग, ने वार्ड नं0 3 12.04.2012 का वार्ड सभा में शिकायत किया कि हम लोग को स्कूल में खेल-कूद सामग्री नहीं मिलती है, शिक्षक अखलेश प्रसाद जी ने बाल सांसद का चुनाव किये एवं जल्द से जल्द सामग्री उपलब्घ कराने का आश्वासन दिये।
- वार्ड नं0 7 में 3.05.2012 को सभा के बाद उत्क्रमित म0 वि0 गुड़रू में बच्चों की शैक्षणिक दक्षता का जांच किया गया। पुछने पर शिक्षिका सुमन कुमारी जी बताएं की प्रथमबार बच्चों का जांच हुआ है। आज से पहले एम.ओ.एम एवं वार्षिक अनुदान का जांच होता था।
- वार्ड नं0 7 में 9.05.2012 को वार्ड सभा हुआ। सुनिल मांझी नामक व्यक्ति शिकायत किया कि हमारे बच्चा का नाम विद्यालय में नहीं है एक दिन विद्यालय गया तो देखा कि मेरे बेटा से शिक्षिका शौचालय साफ करवा रहे हैं। वार्ड सदस्य शिकायत पत्र लिखे एवं 9.05.2012 को ही बी.ई.ओ. के पास पहुंचाए। वार्ड सदस्य 15 दिन का समय लिए कि अगर कार्यवाही नहीं हुआ तो मै कोर्ट में मुकदमा दायर करूंगा। प्राथमिक विद्यालय मोहीउद्दीन नगर का केश है। वार्ड सभा के निर्णय के द्वारा में सुनिल मांझी के पुत्र का नाम प्राथमिक विद्यालय मखदुमपुर में लिखा गया है।

- वार्ड नं0 2 में 15.05.2012 को प्रथम बार वार्ड सभा में तय किया गया कि चापाकल गड़ाने का स्थान अर्जून साव के पास गली के उत्तर होना चाहिए। आज से पहले कभी वार्ड सभा में स्थान चयन नहीं किया गया था, ऐसा कहना था वार्ड सभा में उपस्थित व्यक्तियों का।
- वार्ड नं0 3 के निवासी रवि कुमार चन्द्रवंशी का अनाज वाला कूपन डिलर वृजनन्दन प्रसाद 1 ज्यादा ले लिए थे। वार्ड सभा में मौखिक शिकायत किया, हंगामा भी हुआ लेकिन तुरन्त डिलर की पत्नी कूपन लाकर रवि कुमार के उपर फेंक दिया, अब वृजनन्दन प्रसाद का जनवितरण प्रणाली केन्द्र खुलता भी नहीं, शायद बंद हो गया है। घटना है 15.04.2012 का।
- वार्ड नं0 11-12 के बच्चे उर्दू प्रा0 वि0 हेरथू में पढ़ते हैं। वहां का व्यवस्था था कि 1 से 5 तक सभी बच्चे एक ही कक्षा में बैठते थे लेकिन 7.05.2012 को विद्यालय मुल्यांकन के लिए चयनित व्यक्ति फेकू चौधरी/उपमुखिया रामस्वरूप जी गये और अलग-अलग कमरे में बैठाने के लिए बोले। अब 3 कमरों में 1 से 5 तक की पढ़ाई होती है।

- वार्ड नं0 11 से राहूल कुमार 22.05.2012 की वार्ड सभा में शिकायत किये  उर्दू प्रा0 वि0 हेरथू में टी.एल.एम एवं पढ़ाई व्यवस्था ठीक नही है।वार्ड सभा ने निर्णय लिया की इसकी शिकायत इसी समय राहूल कुमार बी.ई.ओ साहब से फोन से करें,। बी.ई.ओ साहब बोले कि कल शिकायत दुर जो जाएगा। अब प्रत्येक कक्षा में टी.एल.एम टंगा हुआ है।
- वार्ड नं0 9 में 24.05.2012 को वार्ड सभा में गणेश कुमार एवं श्री निवास कुमार ने शिकायत किये प्राथमिक विद्यालय मखदुमपुर में बच्चे मध्यान भोजन के लिए थाली घर से लाते है और विद्यालय में गये विद्यालय में टी.एल.एम नही टागा जाता है। वार्ड सभा के निर्णय पर गणेश कुमार एवं श्री निवास कुमार विद्यालय जाकर वहा के प्रभारी से बात किये अब मध्यान भोजन के समय बच्चे घर से  थाली नही लाते। टी.एल.एम पर प्रभारी ने दो दिन का समय मागा

**ग्राम पंचायत- घांघ**

**वार्ड वासी के द्वारा बताया गया वार्ड सभा से लाभ**

- वार्ड संख्या 1, प्राथमिक विद्यालय घांघ डीह में पहले दो-तीन शिक्षक आते थे लेकिन अब चारों शिक्षक बराबर रहते है और मद्यान्न भोजन भी रहने पर बनता है। वार्ड संख्या 1 1. मोहन कुमार, पप्पु चौघरी, मनोज साहनी, विरची पासवान, के कथनाअनुसार पहले ऐसा नही होता था। ।
- वार्ड संख्या ,2 आंगनबाड़ी केन्द्र घांघ डीह में हैं। पहले बराबर नहीं खोलती थी लेकिन अब बराबर खुलता है और पोषाहार एक या ढ़ाई महीना से नहीं बनता है। वार्ड संख्या 2 पार्वती देवी, लक्ष्मीनी देवी, भोला पासवान, विदेशी मोची के अनुसार पहले ऐसा नही होता था। ।
- वार्ड संख्या 1,2 स्वास्थ्य- घांघ डीह में वार्ड संख्या 1,2,3 में सप्ताह में एक बार टिकाकरण के लिए ए.एन.एम एवं आशा घुमकर सभी टिकाधारी को बोलाते हैं कुछ दवा के जरूरत पड़ा तो उपस्वास्थ्य के घांघ सरैया जाना पड़ता है। वार्ड संख्या 1,2 सुनैना देवी, रामदेव साहनी, धनलाल मिस्त्री, बेबी देवी के अनुसार पहले ऐसा नही होता था।

- वार्ड नं0 3,4 मध्य विद्यालय केवल विगहा में नया शिक्षक की बहाली हुई और मद्यान्न भोजन रहने पर रोज बनता है। और शिक्षक समय से जाते-आते हैं। शिक्षा पहले से बेहतर लग रहा है। रामदेव साहनी, धनलाल मिस्त्री के अनुसार पहले ऐसा नही होता था।
- वार्ड नं0 3,4 ए.एन.एम एवं आशा कार्यकर्त्ता सप्ताह में एक दिन घूमकर सभी टिकाधारी को बोलाती है और दवा कुछ मिलता है तो उसके लिए घांघ सरैया जाना पड़ता है। फोलिक एसीड विटामिन की गोलीया देती है। जिनको खाने का इच्छा होता है तो वे लोग लेकर खाते हैं। विजयवीर प्रसाद, जितेन्द्र कुमार,, राजेश राम, ममता देवी के अनुसार पहले ऐसा नही होता था।
- ग्राम केवल विगहा घांघ में वार्ड संख्या 3 का 30.12.2011 को वार्ड सभा में विजय प्रसाद ने शिकायत किया कि आंगनबाड़ी सेविका मिना सिन्हा झुठो 40 बच्चों का हाजरी बनाती है। वार्ड सभा ने यह निर्णय लिया कि आंगनबाड़ी चलकर सेविका मीना सिन्हा से बात किया जाए। अब आंगनबाड़ी में 40 बच्चे उपस्थित रहते है और पोषाहार भी रेगुलर चलता है।

- दिनांक 17.12.2011 को वार्ड संख्या 9 में वार्ड सभा किया गया उस सभा के द्वारा राजो पासवान ने यह मुद्दा उठाया कि प्रा0 वि0 मकदुमा में शौचालय में ताला लगा हुआ रहता और समय पर विद्यालय का भी ताला नहीं खुलता है। वार्ड सभा ने निर्णय लिया कि शिक्षिका सोनी कुमारी से चलकर बात किया जाय एवं समझाया जाय। अब प्राथमिक विद्यालय प्रतिदिन समय पर खुलता है एवं शौचालय का ताला भी समय से खुला रहता है।
- 17.12.2011 को वार्ड संख्या 9 के वार्ड सभा में राजकुमारी देवी, मीना देवी ने यह मुद्दा उठाया कि हमलोग को राशन, किरासन तेल डिलर विरेन्द्र प्रसाद नापना से नापकर देते हैं। वार्ड सभा ने यह निर्णय लिये कि मुखिया जी से शिकायत किया जाय। मुखिया जी (अनुप चौधरी) ने डीलर को चेतावनी दिये की आप अपने काम में सुधार नहीं लाये तो आपकी लाइशेन्स रद् की जायेगी। अब डीलर विरेन्द्र जी सभी लोग को उचित मात्रा में राशन किरासन तौलकर वितरण करने लगे।
- दिनांक 17.12.2011 वार्ड सभा 5 में वार्ड सदस्य शिवजतन के द्वारा यह मुद्दा उठाया कि उत्क्रमित प्रा0 वि0 में शिक्षक श्याम किशोर जी, सुनिल जी एवं प्रेमलता सिन्हा ये लोग न तो स्कूल समय से खोलते है और नहीं ही बच्चों को पढ़ाते हैं। और कभी-कभी बिना अवकाश के स्कूल बन्द कर देते हैं। कोई शिक्षक नहीं आते हैं। वार्ड सभा ने यह निर्णय लिया कि वार्ड सदस्य के द्वारा इसकी सूचना मुखिया जी के पास भेजा जाय। मुखिया जी ने तत्काल दो शिक्षक श्याम सिन्हा और प्रेमलता का वेतन रोक दिया गया।

# वार्ड सभा के निर्णय का शिक्षक पर प्रभाव

**<u>पूर्व की स्थिति</u>**

- पूर्व में कभी किसी शिकायत पर पंचायत के द्वारा कार्रवाई नहीं की गई।
- विद्यालय समय से नहीं खुलता था।
- सभी शिक्षक विद्यालय नहीं आते थे।
- बिना किसी अवकाश या पूर्व सूचना के विद्यालय बन्द कर दिया जाता था।

**<u>बदलाव के बाद की स्थिति</u>**

- विद्यालय के 2 शिक्षक का वेतन भुगतान रोक दिया गया।
- विद्यालय समय पर खुलने लगा तथा सभी शिक्षक विद्यालय आने लगे।

# वार्ड सभा द्वारा विद्यालय भ्रमण का प्रभाव

## पूर्व की स्थिति

- विद्यालय समय से नहीं खुलता था।
- सभी शिक्षक समय पर विद्यालय नहीं आते थे।
- विद्यालय में बच्चों के उपयोग के लिए उपलब्ध सामग्री को बच्चों के बीच नहीं बांटा जाता था।
- विद्यालय में बच्चों के उपयोग के लिए बने शौचालय का ताला बन्द रहता था।

## बदलाव के बाद की स्थिति

- विद्यालय समय पर खुलने लगा।
- सभी शिक्षक समय पर विद्यालय आने लगे।
- टी.एल.एम विद्यालय परिसर में टांगा जाने लगा।
- विद्यालय में बने शौचालय का उपयोग बच्चे करने लगे।



# विद्यालय में बने शौचालय का उपयोग पर वार्ड सभा द्वारा विद्यालय भ्रमण का प्रभाव

पूर्व की स्थिति - बंद ताला




बदलाव के बाद की स्थिति - खुला ताला



# वार्ड सभा द्वारा विद्यालय भ्रमण

दिनांक 17.12.2011 को ग्राम मकदुम के वार्ड नं0 9 में वार्ड सभा का आयोजन किया गया। जिसमें 19 पुरूष और 48 महीलाओं ने भाग लिया । सबसे पहले शिक्षा का एजेन्डा था। उसपर वार्ड सभा के लोगों का कहना था कि विद्यालय समय पर नहीं खुलता है। और टीचर को समय पर नहीं आते है इसपर चर्चा किया गया और वार्ड सभा ने यह निर्णय लिया का सभी लोग चल कर शिक्षक से विद्यालय में मिला जाए एवं वहाँ की वास्तुस्थिती को देखा जाए। सभी लोग विद्यालय की ओर प्रस्थान किये। वहाँ जाकर वार्ड सभा ने टीचर से बात की और वहाँ की वास्तुस्थिति के बारे में जानकारी लिया वार्ड सभा ने टीचर को वहा कि विद्यालय प्रतिदिन समय पर खुलना चाहिए एवं सरकार के द्वारा जो भी सामग्री उपयोग के लिए दी गई है उनके विधार्थीयों के लिए उपयोग किया जाये इसके साथ वार्ड सभा के सभी लोग सभा स्थल पर चले आये और सभी लोग की सहमती से यह निर्णय लिया गया कि दो लोग विद्यालय खुलने से 15 मिनट पहले विद्यालय जाऐगे और वहाँ की स्थिति दूर से देखेंगे विद्यालय समय पर खुलता है कि नहीं। सुबह में वार्ड सभा द्वारा मनोनित व्यक्ति वहाँ गये और उनके कहने के अनुसार विद्यालय में आया सुधार पहले के सलाइड में दिया गया है।

# वार्ड सभा के प्रस्ताव पर पंचायत द्वारा शिक्षक के विरुद्ध कार्रवाई

वार्ड 5 में दिनांक 17.12.2011 को आयोजि वार्ड सभा में सभा में एक पुरूष ने शिक्षा के उपर कुछ कहने के लिए सभा अध्यक्ष से इजाजत मांगे सभा अध्यक्ष का इजाजत मिलने के बाद उन्होंने कहां कि प्राथमिक विद्यालय में तीन शिक्षक हैं उनका नाम- श्याम किशोर जी, सुनील जी एवं प्रेम लता सिन्हा ये लोग न तो स्कूल समय पर खुलते है न ही बच्चे को पढाते है कभी-कभी बिना अवकाश के स्कूल भी बन्द कर देते हैं जैसे आज स्कूल में कोई भी शिक्षक नहीं आया है जो भी बच्चा पढ़ने गया है वह वहाँ पर खेल रहा है। जो हमने देखा आप लोगों के सामने कह दिया आगे आप लोगों की मर्जी।

अध्यक्ष के द्वारा कहाँ गया कि इस मुद्दे पर आप लोगों का क्या राय है। सभा में उपस्थित सभी लोगों ने कहा इसकी सूचना मुखिया के पास वार्ड सदस्य के माध्यम से पहुँचाया जाए, ना जाने यह सूचना किसी दूसरे के माध्यम से मुखिया जी के पास पहुँच गया और तत्परता दिखाते हुए सुनील जी एवं प्रेमलता का वेतन रोक दिया।

इस प्रतिक्रिया पर प्रेरणा डेवलपमेंट फाउण्डेशन के ग्राम सभा मित्र ने मुखिया जी से पूछा गया कि दो शिक्षक को वेतन रोक दिया गया है, एक शिक्षक को वेतन क्यों छोड़ दिया गया है। मुखियाजी का जवाब था कि जो विद्यालय के प्रभारी है वह हमेशा सरकारी काम से इधर-उधर घूमते रहते हैं।

# वार्ड सभा द्वारा PDS पर चर्चा एवं निर्णय का प्रभाव

**पूर्व की स्थिति**

- किराशन 2.5 लीटर मिलता था
- राशन लोगों को तसला - अमानक इकाई से नाप कर देते है

**बदलाव के बाद की स्थिति**

- राशन मानक तराजू से तौल कर मिलने लगा
- किराशन 2.75 लीटर मिलने लगा

# राशन मानक तराजू से तौल कर मिलने लगा

**पूर्व की स्थिति**




**बदलाव के बाद की स्थिति**



# PDS starts weighting foodgrains

दिनांक 17.12.2011 वार्ड 9 में वार्ड सभा का आयोजन हुआ। उस सभा में एक व्यक्ति के द्वारा मुद्दा उठाया गया कि जनवितरण प्रणाली के दुकानदार राशन लोगों को तसला से नाप कर देते है और किराशन जितना देना है हमलोगों को उतना नहीं मिलता है सिर्फ हमलोगों को 2.5 लीटर किरासन मिलता है और राशन सडा हुआ मिलता है उनकी बात को ध्यान से सुनने के बाद अध्यक्ष के द्वारा कहा गया कि क्या उनकी बात सही है इसपर वार्ड सभा में उपस्थित सभी लोगों ने उनकी बात का समर्थन किया, अध्यक्ष ने कहा कि  इसपर वार्ड सभा का क्या निर्णय है सभा के लोगों ने यह निर्णय लिया कि इसकी सूचना वार्ड सभा के मुखिया से करेंगे लेकित वार्ड सभा में हुए निर्णय को किसी ने जनवितरण दुकानदार के पास संदेश पहुँचा दिया। इसपर यह प्रक्रिया हुआ कि अगले दिन से लोगों को राशन, तौल कर मिलने लगा, किरासन जितना मिलना चाहिए उतना मिलने लगा। इसके उपरांत एक दिन जब ग्राम सभा मित्र वार्ड न0 14 मे सभा मे भाग लेने के वासते जा रहे थे तो रास्ते में उनकी मुलाकात जनवितरण प्रणाली के दुकानदार से हुई दुकानदार ने कहाँ की राशन-किरासन हम सही माप-तौल कर देंगे लेकिन जो राशन सड़ा हुआ उपर से सरा हआ आता है बताएं हम उसका क्या करें। ग्राम सभा मित्र के द्वारा कहां गया कि इसकी शिकायत आज 26 जनवरी की ग्राम सभा में कर सकते हैं।

# वार्ड सभा आंगनवाडी भ्रमण किया

दिनांक 30.12.2011 को केवल विगहा वार्ड सभा में एक पुरूष के द्वारा कहा गया कि हमारे यहां आंगनवाडी केन्द्र में बैठने के व्यवस्था आज 15 बच्चे की है और वहां पर 10 ही बच्चे आते है और सेविका 40 बच्चों की हाजरी लगा देती है और पोषाहार का पैसा खा जाती है।

अध्यक्ष के द्वारा- इस एजेन्डा पर हमलोग क्या करेंगे। सब की सहमत से यह तय हुआ कि सभी लोग आंगनबाडी केन्द्र का भ्रमण कर वास्तुस्थिति का पता करें तब उसके बाद क्या करना है सोचा जाऐगा। सभा मे आये सभी लोग आंगनवाडी भ्रमण के लिए गये। वहां पर देखा गया कि एक भी बच्चा मौजूद नहीं है क्योंकि 1 बज गया था वहां पर एक मिट्टी का चूल्हा था जिसपर पोषाहर बनाकर बच्चों को दिया जाता है उसमे राख मौजूद था लेकिन बहुत ही पुराना था सभा के कुछ लोगों ने सेविका से बात किया कि यहाँ पर 10 से 15 बच्चे बैठ सकते हैं बाकी बच्चे कहाँ बैठते है सेविका ने कहाँ कि हम बच्चों को बाहर भी बैठाते है इस तरह सभा के अध्यक्ष ने कहाँ कि आप को सरकार की तरफ से जो भी सामान वितरण के लिए मिलता है उसका सही रूप से वितरण करें और बच्चों को बैठने के लिए व्यवस्था किया जाये।

# Learning for Team : Videos & photos of key observations on Gram Sabha

1) Gram Sabha is complain Sabha & method of Mukhiya

- complain 1 at gram sabha part 1 of 3
- complain 2 at gram sabha part 2 of 3
- complain SOLUTION at gram sabha part 3 of 3

2) Concept of Panchayat Sachivalaya in Panchayat

- Panchayat sachiwalya PRAHLADPUR 1
- Panchayat sachiwalya PRAHLADPUR 2
- Panchayat sachiwalya PRAHLADPUR 3

3) A successful Gram Sabha on October 02, 2011 coordinated by Rural Development Department

- Gram Sabha 2nd Oct 2011 Dariyapur Patna ADDITION DELETION
- 2nd Oct 2011 venue music and children time
- Interview Ex Mukhiaya cum Mukhiya pati 2nd Oct 2011 Dariyapur Patna

**October 02, 2011 contd...**

Gram Sabha 2nd Oct 2011 Dariyapur Patna part 1 of 3

Gram Sabha 2nd Oct 2011 Dariyapur Patna part 2 of 3

Gram Sabha 2nd Oct 2011 Dariyapur Patna part 3 of 3

4. Photos & Docs

View photos and scan docs of Ghangh GP 2011

View photos of Oct 2 2011 Mgnregs Dariyapur

View photos and scan docs of Balaurdih GP 2009-11

# ग्राम सभा से लोगों की अपेक्षाएं - एक अनुभव

ग्राम पंचायत ब्लौर डीह में 2 अक्टूबर, 2009 को पंचायत भवन में आयोजित ग्राम सभा के लिए मुखिया जी के द्वारा बैठक के पूर्व (एक सप्ताह पूर्व) पहली बार बैठक का एजेण्डा लिखित रूप में तय कर किया गया, एवं गॉव में ग्राम सभा के सदस्यों के भाग लेने के लिए व्यवस्थित रुप से प्रचार प्रसार किया । एक बड़े कमरे में 12.00 बजे सभा की कार्यवाही आरंभ होने के समय लगभग 200 लोग उपस्थित थे।

सभा में एजेण्डा पर चर्चा न कर लोग व्यक्तिगत मांगों वृद्धा-विधवा-विकलांग्ता पेंशन, इन्दिरा आवास, BPL में नाम पर ही केन्द्रित रहे जबकि कुछ लोगों के द्वारा सार्वजनिक शिकायतें जैसे स्वास्थ्य उपकेन्द्र नहीं खुलना, शिक्षक की अनुपस्थिति एवं मध्यान्न भोजन में गड़बड़ी भी की गई।

लोगों के सुझाव पर सभा मैदान में करना निश्चित किया गया परंतु लोगों के व्यवस्थित नहीं होने के चलते सभा समाप्त घोषित की गई। इस दौरान लोगों ने छोटे-छोटे समूहों में मुखिया जी को घेरकर अपनी समस्याएँ सुनाई। मांगों पर हरसंभव मदद का आश्वासन एवं शिकायतों पर मुखिया जी ने कहा कि इसे लिखित रूप में दें तभी उचित कार्रवाई हो सकेगा। इस प्रकार सभा लगभग 4 घंटे चला।

पड़ोस के 3 पंचायतों में जाने पर यह जानकारी मिली कि कहीं भी ग्राम सभा का आयोजन  वास्तविक रूप में नहीं किया गया। सभा में भाग लेने आये लोगों के बीच सिर्फ मिठाईयों का वितरण किया गया। लोगों के पूछने पर मुखिया जी ने पंचायत सचिव के नहीं आने का कारण बताया।

2 अक्टूबर 2009 की इस ग्राम सभा में इसकी तैयारी एवं संचालन में प्रेरणा टीम द्वारा सक्रिय भाग लेने से बहुत कुछ सीखने के लिए मिला।

# ग्राम सभा पर प्रेरणा के प्रथम 15 दिन के कार्यों का प्रभाव

## पूर्व की स्थिति

- ग्राम सभा हुई यानि कि लोग आए और चर्चा हुई
- ग्राम सभा की बैठक का एजेन्डा बैठक के पूर्व नहीं तैयार किया जाता ।
- ग्राम सभा की बैठक की सूचना पंचायत के सभी लोगों तक नहीं पहुँचता ।
- सभी लोग अपना हस्ताक्षर नहीं करते ।
- ग्राम सभा की कार्यवाही व्यवस्थित रूप में नहीं होती । जैसे- बैठकर कार्यवाही में भाग नहीं लेना, बारी-बारी से अपनी बात नहीं रखना, विषय से हटकर चर्चा करना, कार्यवाही का पूर्ण विवरण नहीं रखना
- ग्राम सभा एजेन्डा पर चर्चा के विपरीत व्यक्तिगत समस्याओं एवं शिकायतों ही रखी जाती। यह ग्राम सभा न होकर एक शिकायत सभा प्रतीत होता।

## बदलाव के बाद की स्थिति

- ग्राम सभा के लोग जमा नहीं होते जैसा कि 3 नजदीक के पंचायत में पाया गया
- ग्राम सभा की बैठक का लिखित एजेन्डा बैठक के पूर्व तैयार किया गया।
- ग्राम सभा की बैठक के लिए प्रचार-प्रसार किया गया।
- बैठक में उपस्थित सभी लोग अपना हस्ताक्षर करने लगे।
- मुखिया द्वारा कहा गया कि लोग अपनी किसी भी प्रकार की शिकायत लिखित में दें।

## अपेक्षित बदलाव जो भी आना चाहिए

- ग्राम सभा एजेन्डा में शामिल विषय पर चर्चा होनी चाहिए था । ज्यादातर व्यक्तिगत समस्याओं एवं शिकायतों निपटारा गा्रम सभा से पहले हो जाए।

**Process of one of the Oct 02 2011 MGNREGS gram sabha matches with the modules that we pilot. So we are very hopeful of practicality of the modules we propose. Link**

[**Gram Sabha 2nd Oct 2011 Dariyapur Patna ADDITION DELETION**]

[**Interview Ex Mukhiaya cum Mukhiya pati 2nd Oct 2011 Dariyapur Patna**]

pictures of that gram sabha

